हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 30 जून 2025

04 साप्ताहिक बाजार में दुकानदारी रही बेअसर ...



07 मान की पुष्टि तुम जितनी ज्यादा करोगे उतने ...





## खबर संक्षेप

### भाजपाइयों ने सुनी 'मोदी के मन की बात'



**सोहागपुर।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना पूर्व निर्धारित कार्यक्रम मन की बात किया। इस कार्यक्रम को भाजपाईयों ने टीवी सेट्स व मोबाइल पर देखा। सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने संगठन के निर्णय अनुसार फोटो अपने-अपने मंडल के सोशल मीडिया ग्रुप पर शेयर भी किये।

### रजिस्ट्रीकरण व अपीलीय अधिकारी नियुक्त

**नर्मदापुरम।** म.प्र. राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी भोपाल एम.बी. ओझा ने मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के नियम 49-ग (2) के प्रावधानों के अन्तर्गत कानन तवा महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित रानीपुर, जिला नर्मदापुरम के संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के लिए विनीता चौधरी, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक को नियुक्त किया गया है।

## मौसम हुआ खुशनुमा, मजा लेने पर्यटक पहुंच रहे पचमढ़ी

# बारिश ने नर्मदांचल में किया पानी पानी, आज भी तेज बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गत रविवार को जिले में बारिश का दौर जारी रहा। दिन भर बारिश ने रूक-रूक नर्मदांचल को भिगो दिया। आने वाले तीन चार दिन में ओर अधिक बारिश होने का अनुमान है।



नर्मदापुरम में रविवार को सुबह से रुक-रुककर बारिश का सिलसिला जारी है। जिले के इटारसी, डोलरिया, सिवनी मालवा और बाबई क्षेत्रों में भी रिमझिम बारिश दर्ज की गई। बादल छाए रहने से सुबह से धूप नहीं निकल पाई। मौसम वैज्ञानिक डॉ. पीके रैकवार ने बताया कि रविवार को कुछ स्थानों पर हल्की और मध्यम बारिश की संभावना है, जबकि 30 जून से जिले के कई स्थानों पर तेज बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक लगातार बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश की ओर ऊपरी हवा का चक्रवात बना हुआ है। साथ ही अरब सागर से दक्षिण गुजरात, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ होते हुए बंगाल की खाड़ी तक कम दबाव का क्षेत्र विकसित है, जिससे अगले पांच दिनों तक मौसम में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

### मानसून का लुत्फ लेने के लिए पर्यटक पहुंच रहे हैं पचमढ़ी

जून माह का आखिरी रविवार रहा पर्यटकों के नाम। देशभर से पर्यटक मानसून का आनंद लेने के लिए पचमढ़ी पहुंचे। पचमढ़ी भ्रमण के लिए रोस्टर में मौजूद सभी गाड़ियां सुबह ही बुक हुईं उसके बाद टैक्सी संघ ने अन्य वाहनों को पर्यटकों की सुविधा के लिए उपलब्ध कराया। मानसून को देखें तो पचमढ़ी हिल स्टेशन पर मध्यम बारिश होती है, लेकिन इतनी बारिश ही इस जगह को पूरी तरह से बदलने के लिए काफी है। मौसम सुहाना है और कभी-कभी थोड़ा ठंडा भी हो जाता है। पचमढ़ी का सबसे आकर्षक पहलू जो मानसून में जीवंत हो उठता है, वह है कई झरने जो दिखाई देने लगते हैं।



### जिले में 1 जून से अब तक 1051.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 29 जून को प्रातः 8 बजे तक जिले में 1051.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 857.2 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 29 जून 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 5.1 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 1.0 मिलीमीटर, इटारसी में 3.8 मिलीमीटर, माखननगर में 0.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 0.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 2.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 0.4 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 1.8 एवं तहसील डोलरिया में 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है।

## स्वच्छता अभियान : कचरा फेंकने वालों पर होगा जुर्माना

### सफाई कर्मी वार्डों में कर रहे सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका द्वारा सभी 33 वार्डों में स्वच्छता अभियान तेजगति से चलाया जा रहा है। रविवार को बरसते पानी में सफाई कर्मचारियों ने प्रत्येक वार्ड में सफाई की। साथ ही सड़क और खुले प्लाटों पर कचरा फैंकने वालों को समझाइश दी।

नगरपालिका सफाई अभियान युद्ध स्तर पर चला रही है। इसमें सहयोग करें। नवागत स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। आज नगर के सभी वार्डों में कचरा वाहनों की मानिटरिंग की जा रही है। स्वच्छता निरीक्षक तिवारी ने बताया कि सड़क, नाले नालियों और खुले मैदानों में कचरा फैंकने वालों के वीडियो बनाए जा रहे हैं, उन पर वीडियो फुटेज और फोटो के आधार पर जल्द ही जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगर के नाले नालियों पर किए अतिक्रमण सख्ती से हटाए जा रहे हैं।

राजपूत ने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार जारी भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर नगरपालिका की टीम तैयार है। साथ ही बाजार क्षेत्र में फल एवं सब्जी ठेले वालों को सड़क किनारे से हटाकर उनको निर्धारित पर पहुंचाया। श्री राजपूत ने बताया कि फल, सब्जी विक्रेता अगर सड़क किनारे ठेले लगाकर मार्ग अवरूद्ध करेंगे उन पर अब जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार से दौड़ रहे वाहनों से आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

बारिश के मौसम में तेज वाहनो पर प्रतिबंध लगाना आवश्यक है। लेकिन देखा जा रहा है कि लगातार प्रतिदिन शहर के चारों तरफ ग्रामीण क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली एवं बाइक से लगातार एक्सीडेंट हो रहे है।

जिसमें प्रतिदिन लोगों को काफी गंभीर चोटें आ रही है जससे जिला रिफर किया जा रहा है। ग्राम पंचायत मटकुली के मोहगांव के पास फोर व्हीलर का पुरजा 2 अलग हो गया रजौला गांव के पास भी ट्रेक्टर ट्राली बाइइ मे एक्सीडेंट हुआ। गंभीर घायल लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

इसी तरह से ग्राम पंचायत समनापुर के पास भी एक गंभीर एक्सीडेंट हुआ है जिसमें ट्रैक्टर चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मारी बाइक पर सवार पांच लोगों को गंभीर चोट आई है। जिन्हें सिविल अस्पताल में उपचार देने बाद घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया गया है। वाहनों के की तेज गति के कारण आए दिन घटनाए हो रही है इन वाहनों की रफ्तार कम करने पुलिस-प्रशासन द्वारा चलने की बात कही गई है।

## सभी विभागों में एक साथ ई अटेंडेंस लागू करने की मांग को लेकर शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मप्र राज्य शिक्षक संघ शिक्षक संवर्ग के लिए ई अटेंडेंस लागू करने का विरोध कर रहा है। विरोध स्वरूप संघ ने शनिवार को मध्य प्रदेश के सभी ब्लॉक्स में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे हैं। राज्य शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव ने प्रेसनोट से सूचित किया था कि ई-अटेंडेंस लागू करना सरकार का हक है। लेकिन इसे सभी विभागों में लागू करना चाहिए।

संघ ने मप्र सरकार को चेताया कि गुरु परंपरा खंडित करने वाली योजना में प्रदेश का शिक्षक संवर्ग तब तक शामिल नहीं होगा, जब तक यह मात्र उनके लिए है। राज्य शिक्षक संघ नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष उमेश ठाकुर ने बताया कि मप्र में मात्र शिक्षकों पर ई अटेंडेंस योजना लागू करना शिक्षकों की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह है। शिक्षक संवर्ग को ई अटेंडेंस में सहभागिता से आपत्ति नहीं है। लेकिन यदि यह योजना केवल शिक्षक संवर्ग पर लागू होगी, तो शिक्षक इसमें सहभागी नहीं होंगे। अतः शनिवार 28 जून को राज्य शिक्षक संघ ने ई-अटेंडेंस योजना को प्रदेश के सभी विभागों में एक साथ लागू करने की मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सोहागपुर में एसडीएम अनिल जैन को सौंपा है।

## सांसद के बंगले के बाहर विपक्ष का प्रदर्शन, फूंका सीएम का पुतला

जीतू पटवारी के समर्थन में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन



**नर्मदापुरम।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के विरुद्ध हुई एफआईआर के खिलाफ नर्मदापुरम जिला मुख्यालय पर युवक कांग्रेस द्वारा सीएम का पुतला दहन सांसद दर्शन सिंह चौधरी के बंगले के बाहर किया गया। प्रदेश सचिव रोहन जैन ने कहा कि ये न केवल राजनीति से प्रेरित है, बल्कि सत्ता के दुरुपयोग का जीवंत प्रमाण है।

यह बेहद चौकाने वाला तथ्य है कि पीड़ित द्वारा अपने साथ हुई मारपीट और अमानवीय व्यवहार की बात सार्वजनिक रूप से कहने के बाद, अब उस पर दबाव डालकर बयान बदलवाया गया है। जबकि वीडियो में पीड़ित ने अपने साथ हुई अमानवीयता का विस्तार से वर्णन किया और खुद इस बात की सहमति भी दी थी कि उसके साथ हुई ज्यादती को सोशल मीडिया के जरिए जनता के बीच साझा भी किया जाए। इसीलिए कांग्रेस पूछना चाहती है कि जिस व्यक्ति ने पहले वीडियो में अपने साथ हुई क्रूरता को साझा किया था, उसी के हाथ में अब शपथ पत्र थमा दिया गया, यह किसी न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा नहीं, बल्कि सत्ता के संरक्षण में चल रहा भय का तंत्र है।

कांग्रेस स्पष्ट रूप से मानती है कि यह शपथ पत्र दबाव, डर और राजनीतिक प्रतिशोध की उपज है। इसीलिए, यह पूछना आवश्यक है कि एक दलित युवक को न्याय की मांग करने पर चुप क्यों करवाया जा रहा है? सत्ता में बैठे लोग किस हड़बड़ी में एफआईआर करवा रहे हैं? क्या भाजपा की सरकार अब पीड़ितों को ही अपराधी घोषित करने लगी है।

## 1 जुलाई से 100 दिवसीय सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग व जागरुकता अभियान होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग करने में देश के सभी राज्यों में मध्यप्रदेश का नाम प्रथम स्थान पर है लेकिन राज्यपाल का विजन स्पष्ट है कि सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग में संख्यात्मक दृष्टि से प्रथम नहीं बल्कि शत प्रतिशत स्क्रीनिंग करके प्रदेश को सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन प्रदेश बनाना है । राज्यपाल के मार्गदर्शन से उप मुख्यमंत्री द्वारा 19 जून को विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जनजाति बाहुल्य बडवानी जिले से 100 दिवसीय सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग एवं जागरुकता अभियान 1 जुलाई से प्रारम्भ करने की घोषणा की गई। जिसकी तैयारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन प्रदेश ने पूरी कर ली है जिसके दिशा निर्देश प्रदेश के उन 33 जिलों जिनमें सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन संचालित है के जिला कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को भेजे गए है। पत्र में 33 जिले और उनमें प्रतिदिन के हिसाब से 100 दिन में सिकल सेल जॉच होने वाले व्यक्तियों का जिलेवार लक्ष्य दिया गया जैसे नर्मदापुरम जिले में प्रतिदिन 480 और सौ दिन में 48 हजार व्यक्तियों की जांच होनी है। इस सौ दिवसीय अभियान को जनजातीय कार्य विभाग, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आयुष, महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर पूरा किया जाना है।

## म्यूजिक जोन ने शुरू किया सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुर युवा मंडल और म्यूजिक जोन ग्रुप के तत्वावधान में रविवार से नेहरू पार्क में फन,म्यूजिक और मस्ती के लिए सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम संयोजक अखिलेश खंडेलवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम अपने परिवार के साथ कुछ पल मनोरंजन के साथ बिताने के लिए है। सुरीला नर्मदापुरम म्यूजिक कार्यक्रम प्रति रविवार आयोजित किया जाएगा।

## कार्य दिवस में भी ग्राम पंचायत भवन में ताला लगने से ग्रामीण हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों के भवनों में अनावश्यक ताला न लगाये जाने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन ग्राम पंचायतों में इसकी अवहेलना की जा रही है। ऐंसी ही एक ग्राम पचांयत पाली में कार्य दिवस गुरूवार को ताला मिला।

विदित हो कि मध्य प्रदेश शासन के द्वारा प्रत्येक सोमएवंगुरुवार को प्रत्येक ग्राम पंचायत सचिव रोजगार सहायक पटवारी राजस्व निरीक्षक आशा उषा कार्यकर्ताए एन एम को मुख्यालय पर रहने के निर्देश दिए गए है। लेकिन ग्राम पंचायत पाली में गुरुवार के दिन ग्राम पंचायत मे ताला लगा हुआ था। ग्रामपंचायत सचिव राजेंद्र पाराशर जोकि ग्रामपंचायत 70 किलोमीटर दूर गाडरवारा विधानसभा के पिथवानी गांव से आते हैं। गाडरवारा विधानसभा में इन पंचायत सचिव की पत्नी पुत्र एवं बेटी सभी नौकरी परहै। इसलिए यह शासन के आदेश की अवहेलना कर रहेहै। गुरुवार को उपस्थिति मे कोई नहीं पाया गया ग्राम पंचायत में ताला लगा हुआ था। विदित हो कि इन्ही सचिव के भाई अरविंद पाराशर जो कि ग्राम पचायत पिसुआ सिंगानामा पदस्थ रहते हुए एक आदिवासी को मृत होने का प्रमाण पत्र दे चुके हैं जिसके कारण लगातार 2 वर्षों से फरार हैं। उक्त मामला पिपरिया न्यायालय में विचाराधीन है हालाकि मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। सभी कार्य अधूरे पड़े हुए हैं पीएम आवास में भी गड़बड़ी की गई है।

### गुमशुदा प्रमाण पत्र

मैं,सुधांशु महतो , पुत्र श्री मुकेश महतो , निवासी मकान क्र. 147 वार्ड क्र. 12,चौधरी मोहल्हा जुझारपुर , यह घोषित करता हूँ कि मेरा स्थानांतरण प्रमाण पत्र (Transfer Certificate) संख्या 215413 जो केंद्रीय विद्यालय क्र. 2, सी.पी.ई इटारसी द्वारा दिनांक 31/03/2023 को जारी किया गया था, वह गुम हो गया है। अगर किसी को यह प्रमाण पत्र मिले तो कृपया नीचे दिए गए पते पर संपर्क करें।

नामः सुधांशु महतो,मोबाइल नं.: 9343309123

पताः मकान क्र. 147 वार्ड क्र. 12,चौधरी मोहल्हा, जुझारपुर, इटारसी, मध्य प्रदेश-461111

## दो वर्ष पूर्व बने शासकीय कार्यालय भवन का नहीं हुआ लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्यप्रदेश विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 139 पिपरिया में लोक निर्माण विभाग परिसर में करोड़ों रुपए की लागत से लगभग 2 वर्ष पूर्व कार्यालय का निर्माण किया गया है। कार्यालय केनिर्माण के बाद लगभग तीन अनुविभागीय अधिकारी पिपरिया में पदस्थ रह चुकेहे। लेकिन अभी तक इस कार्यालय का लोकार्पणनहीं किया गया है। क्योंकि पिपरिया जिला बननेकी कार्यवाहीतेज होने के कारण इसका लोकार्पण नहीं हुआ है। जबकि वर्तमान मे आईएएस अधिकारी पदस्थ हैं उसके बाद भी वह पुराने कार्यालय मैं ही कार्यालय चला रहे हैं। धीरे-धीरे यह कार्यालय का परिसर जंगलमे तब्दील रहा है। किसी प्रकार की सुरक्षा या देखरेख नहींहो रही है। अब देखना है कि कब तक लोकार्पण समारोह को आयोजित किया जाएगा।

## नगर में शांति व्यवस्था बनाने हुई शांति समिति की बैठक



**सोहागपुर।** सोहागपुर पुलिस थाने में शनिवार शाम नगर शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें मोहर्रम व नागपंचमी व अन्य त्यौहारों पर चर्चा की गई। बैठक में एसडीएम अनिल जैन, एसडीओपी संजू चौहान, टीआई कंचन सिंह ठाकुर व जेई विजय धुर्वे उपस्थित थे। बैठक में चर्चा हुई कि 27 जून से मोहर्रम पर्व परंपरा अनुसार मनाया जाएगा। मुस्लिम समाज के नागरिकों ने प्रशासन से अपेक्षा की है कि ताजियों को बनाने इनकी नगर गश्ती कराने व दीदार के लिए रखे जाने के स्थान पर पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था रहे। विद्युत तार ताजिया गश्ती दौरान बाधा ना बनें, इसका आग्रह बिजली कंपनी से किया गया है।






**खबर संक्षेप**

## किसानों से धोखाधड़ी का फरार आरोपी गिरफ्तार



**बैतूल।** किसानों से गल्ला खरीदने के नाम पर एक करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गुजरात से गिरफ्तार किया है। आरोपी आकाश उर्फ सचिन उर्फ लोकेश टांक पिछले दो वर्षों से फरार था। पुलिस ने इस पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। बैतूल बाजार और सांईखेडा थाना क्षेत्र के किसानों ने 22 अगस्त 2023 को शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी ने अधिक मूल्य पर गल्ला खरीदने का वादा किया था। लाखों रुपए का गल्ला खरीदने के बाद भुगतान नहीं किया और फरार हो गया। 38 वर्षीय आरोपी गुजरात और राजस्थान में लक्की नाम से पहचान छिपाकर रह रहा था। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण से उसकी लोकेशन ट्रेस की। आरोपी को गुजरात के सूरत जिले के ओलपाड से गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। बैतूल बाजार थाना में केस दर्ज था। आरोपी को 28 जून 2025 को न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्रवाई में बैतूल बाजार और सांईखेडा थाना की टीम शामिल थी। थाना प्रभारी अंजना धुर्वे और राजन उइके के नेतृत्व में टीम ने यह सफलता हासिल की।

## वाहन किराए पर लेकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़



**बैतूल।** किराए के नाम पर वाहन लेकर अन्यत्र बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो बोलेरो एवं चार ट्रैक्टर वाहन बरामद किए गए हैं। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 19 जून 2025 को फरियादी दिनेश उईके, रामदास उईके, तुलाराम उईके, सुदरसिंह उईके एवं सूरज मालवीय द्वारा थाना बोरदेही में शिकायत दर्ज कराई गई कि आरोपियों द्वारा बोलेरो व ट्रैक्टर वाहन किराये पर लेकर उन्हें गबन कर लिया गया है। शिकायत के आधार पर थाना बोरदेही में धारा 318(3), 316(3), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए जागेश्वर पिता बालक राम विश्वकर्मा निवासी गुबरेल, थाना लावा घोगरी, पुष्पराज पिता देवीलाल गोरे निवासी गोरेघाट, थाना मोहखेड़, जिला छिंदवाड़ा और आकाश पिता पन्नालाल चंद्रवंशी निवासी खकरा चौरई, थाना अमरवाड़ा, जिला छिंदवाड़ा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 06 वाहन बरामद किए गए, जिन्हें न्यायालय आमला में प्रस्तुत किया गया। इसमें थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम बट्टी, प्रधान आरक्षक सुनील पंद्राम, आरक्षक रोहन उईके, आरक्षक सचिन दीवान, आरक्षक मनोज पाल, आरक्षक शिवा सैनिक, आरक्षक प्रकाश झरवड़े, सायबर शाखा से आरक्षक दीपेन्द्र, एवं आरक्षक राजेन्द्र धाड़से की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### रविवार को दिनभर बारिश का दौर, मानसून के जोरदार आगाज से भीगा जिला

# साप्ताहिक बाजार में दुकानदारी रही बेअसर, क्षेत्र का तापमान गिरा धड़ाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

रविवार सुबह शुरू हुआ बारिश का दौर रुक-रुककर दिनभर चलता रहा। इससे तापमान कम हुआ है और मौसम ठंडा होने से सभी को राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। बीते चौबीस घंटे यानि 28 जून से 29 जून सुबह 8 बजे तक जिले में महज 1.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जबकि अभी तक 126.7 मिमी बारिश हो चुकी हैं। हालांकि पिछले साल से इस बारिश साल की बारिश का आंकड़ा बढ़ा है। पिछले साल 29 जून तक जिले में 124.4 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। जिले में अभी तक तेज बारिश का दौर शुरू नहीं हो सका है। रूक-रूककर बारिश हो रही हैं। जिससे बारिश का आंकड़ा तेजी से नहीं बढ़ पा रहा है। हालांकि रविवार को बैतूल में दिन भर रूक-रूककर कभी तेज तो कहीं रिमझिम बारिश होते रही। बताया गया कि जिले में वर्षाकाल के दौरान अभी तक सर्वाधिक बारिश शाहपुर ब्लाक में हुई है। यहां अब तक 171.0 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है, वहीं दूसरे नंबर पर प्रभातपट्टन में 169.8 मिमी और सबसे कम बारिश बैतूल में 52.0 मिमी दर्ज की है। इसके अलावा अन्य ब्लॉकों में बारिश का आंकड़ा 100 मिमी से ऊपर है।

### 82 फीसदी बुआई का काम पूरा

अच्छी बारिश से किसानों ने बोवनी का काम तेज कर दिया है। कई किसान 8 जून के बाद बुआई चालू कर दी थी, ऐसे में इन किसानों की फसल करीब 18 से 20 दिनों की हो चुकी है। बीज अंकुरित होकर खेत लहलहाने लगे है। वही जिन किसानों ने बुआई नहीं की थी, वह किसान भी बुवाई में जुट गये है। शनिवार को मौसम खुले रहने से अधिकांश किसानों ने बुआई का काम निपटा लिया है। वैसे जिले में जिले में 16 जून से मानसून एक्टिव हुआ है। जिसके बाद किसानों ने बुआई कार्य शुरू कर दिया था। किसानों के अनुसान रिमझिम बारिश फसलों के लिए फायदेमंद बताई जाती है। कृषि विभाग के अनुसार इस साल जिले में 4 लाख 43 हजार हेक्टेयर में खरीफ फसल की बुआई का रकबा तय किया है।

### तापमान 28 डिग्री किया दर्ज

जिले में हो रही लगातार बारिश से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। रविवार जिले का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 21.0 डिग्री था। बारिश के कारण अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कमी आने से सभी को उमस से राहत मिली है। मौसम विभाग की मानें तो अगले दो दिन बारिश होने की संभावना है। इससे जून में बारिश का सूखा पूरा हो जाएगा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले दो-तीन दिन बारिश होगी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस बार मानसून की शुरुआत हल्की बारिश के साथ हुई है। आने वाले दिनों में मानसून की गति बढने की संभावना है।

### साप्ताहिक बाजार पर पड़ा असर

रविवार सुबह से बारिश का दौर जारी रहा। जिसका असर साप्ताहिक बाजार पर देखा गया। बारिश के साप्ताहिक बाजार में दुकानदार और ग्राहक कम नजर आये। कोठी बाजार के साप्ताहिक बाजार में दोपहर 12 बजे तक बहुत कम दुकानें लगी हुई थी। वहीं ग्राहक भी कम थे। जिले के आसपास क्षेत्र से सब्जियां कम आने से सब्जियों के दाम भी बढ़ गये। रविवार साप्ताहिक बाजार में टमाटर 40 रूपये किलो तक बिके। इसके अलावा आलू 30 रूपये प्रति किलो थी। अन्य सब्जियों के दाम भी 15 से 20 रूपये किलो तक रहे। बारिश के कारण बाजार में दुकानदार तिरपाल लगाकर दुकाने संचालित करते देखे गये।

### सतपुड़ा डैम के खुले तीन गेट



लगातार बारिश के कारण तवा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। सतपुड़ा डैम में पानी का स्तर 1429.50 फीट तक पहुंचने पर तीन गेट खोलने पड़े। रविवार सुबह तक एक ही गेट खुला था, लेकिन बाद में तीन गेट खोलकर अतिरिक्त पानी छोड़ा गया। इससे तवा नदी के निचले इलाकों में जलस्तर में वृद्धि हुई है। घोड़ाडोंगरी क्षेत्र में अब तक 158 इंच बारिश दर्ज की गई है, जिससे जल स्रोतों और बांधों के भरने की उम्मीद बढ़ गई है।

## पहली ही बारिश में कीचड़ से लथपथ हुई बरहापुर गांव की सड़कें

### मूलभूत समस्याओं का निराकरण करने में सरपंच-सचिव पर लापरवाही का आरोप

**बैतूल।** जनपद पंचायत भैंसदेही के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बरहापुर के वार्ड नंबर 19 की सडक़ पहली ही बारिश में कीचड़ से लथपथ हो गई। कीचड़ और पानी के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। नाराज ग्रामीणों ने सरपंच और सचिव को आवेदन सौंपते हुए सीसी रोड निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड क्रमांक 19 में छोटेलाल के मकान से मंगल के मकान तक तथा दिनेश लवाहे के मकान से राजू सद्दू के मकान तक सडक़ की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। बारिश के चलते हालात और भी ज्यादा बिगड़ गए हैं। कीचड़ और पानी जमा होने से आवागमन में भारी परेशानी हो रही है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों को निकलने में खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। वार्ड निवासी शिवा अतुलकर ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद ग्राम पंचायत द्वारा इस गंभीर समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने सरपंच और सचिव पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मूलभूत सुविधाओं के मामले में पंचायत गंभीर नहीं है और बार-बार आग्रह के बाद भी केवल आश्वासन ही मिलते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वार्ड में वर्षों से सीसी रोड नहीं बनी है, जिससे आमजन को लगातार असुविधा हो रही है। ऐसे में अब वार्डवासियों ने पंचायत से अपील की है कि जल्द से जल्द वार्ड नंबर 19 में सीसी रोड निर्माण कार्य शुरू कराया जाए, ताकि आने वाले समय में और परेशानी न झेलनी पड़े। वार्डवासियों का यह भी कहना है कि यदि पंचायत ने उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया, तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने को भी मजबूर होंगे।



### ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास एवं ग्रीन मुलताई का पौधरोपण

## धर्म को पर्यावरण से जोड़ने का प्रयास





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

ताप्ती जन्मोत्सव सप्ताह के अंतर्गत मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा जन्मोत्सव धार्मिक पर्व को समाज सेवा और पर्यावरण के साथ सांस्कृतिक पुनर्जागरण से भी जोड़े जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके तहत आज बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख,मोहन नागर उपाध्यक्ष, जन अभियान परिषद की उपस्थिति में शासकीय कन्या शाला परिसर में सैकड़ों की संख्या में पौधे रोपे गए। उल्लेखनीय है कि 9 वर्षों से मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा ताप्ती उपवन अभियान चलाया जा रहा है जो की अब गांव-गांव तक फैल रहा है।

इस वर्ष कन्या विद्यालय परिसर में ताप्ती उपवन की नींव रखी गई, जो आने वाले समय में एक सुंदर, शीतल और शिक्षाप्रद वाटिका के रूप में विकसित होगा। संस्था द्वारा मनाए जा रहे ताप्ती जन्मोत्सव सप्ताह के तहत पूरे सप्ताह क्षेत्र के विभिन्न गांवों में वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, जनजागरूकता रैलियां, सांस्कृतिक आयोजन, और लोकगीतों के माध्यम से ताप्ती महिमा का गुणगान किया जा रहा है। गांव-गांव में लोगों ने मिलकर ना केवल मंदिरों की सफाई बल्कि तालाबों, कुओं, और सार्वजनिक स्थलों को भी तीर्थ के रूप में संजोने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर संस्था प्रमुख राजेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमंत शर्मा, भाजपा नेता नमन अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश साहू ,मनीष माथनकर, यवनिवद्र जैन, कामथ क्षेत्र के वरिष्ठ नेता रामदास साहू जैन कीर्ति यादव आदि उपस्थित थे।

पर्यावरण क्षेत्र में अग्रणी संस्था ग्रीन मुलताई समिति ने वृक्षारोपण कार्यक्रम कर विभिन्न प्रजातियों के सैकड़ो पर पौधे लगाकर उन्हें सुरक्षित रखकर वृक्ष बनाए जाने की शपथ ग्रहण की। समिति द्वारा जिन पौधों का रोपण किया गया उनमें प्रमुख रूप से सत्पर्णी, शीशम, लक्ष्मी तरु, आम, जामुन, आंवला, अशोक, गुलमोहर, अमलतास और अनार शामिल है। समिति सदस्यों ने बताया कि यह सभी पौधे बैतूल सापना नर्सरी कालापाठा नर्सरी एवं मांगेना खुर्द नर्सरी कंपनी गार्डन बैतूल से लाए गए है।

### विवाह की 50 वी वर्षगांठ पर किया वृक्षारोपण

पूर्व प्राचार्य एमके वर्मा एवं कोकिला वर्मा के 50वी वैवाहिक वर्षगांठ पर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया जिसमें प्रमुख रूप से लक्ष्मी तरु आम शीशम अमलतास आम सत्पर्णी पौधों को न्यू पुलिस कॉलोनी हाई स्कूल ग्राउंड में रोपित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आर के मालवीय, सुनीता मालवीय अतुल बारंगे, वर्षा बारंगे, शारदा यादव ,कमलेश सरिया धर्मेंद्र चौकीकर सौरभ वर्मा सौरभ सिंह राजपूत दीपक, गुजरेसर, उपस्थित रहे।

### अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने की दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग

## कथावाचक की घटना के विरोध में यादव समाज ने सौंपा ज्ञापन

**बैतूल।** इटावा जिले के बकेबर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दादरपुर में विगत 22 जून को श्रीमद्भागवत कथा वाचक मुकुटमणि यादव और उनके साथियों के साथ हुई अमानवीय, जातिगत और बर्बर घटना से आक्रोशित यादव समाज ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। घटना के विरोध में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा मध्यप्रदेश के बैनर तले समस्त यादव समाज के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सामूहिक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि स्वतंत्र भारत में जातिवाद की संकीर्ण सोच अब भी समाज के ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रही है। दादरपुर में कथा वाचक मुकुटमणि यादव और उनके सहयोगियों के साथ सरेआम मारपीट की गई, जबरन बाल काटे गए, मुंडन कर नाक रगड़वाया गया। यादव समाज का कहना है कि इस कृत्य का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करना शर्मनाक है। संतोष यादव ने कहा कि इस घटना से पूरे देश का यादव समाज आहत है। उन्होंने कहा कि इस मामले में दोषियों पर कठोरतम कानूनी कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में कोई जातिगत जहर घोलने की हिम्मत न कर सके। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने मांग की कि इस कांड को सामूहिक सामाजिक अपराध माना जाए और दोषियों पर राष्ट्रीय एकता भंग करने, जातीय विद्वेष फैलाने, सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने जैसी धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और एकजुटता का प्रदर्शन किया। समाजजनों ने जिला प्रशासन से तत्काल प्रभाव से इस मामले को प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचाने की मांग की। यादव समाज ने चेताया कि यदि समय रहते दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष संतोष यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस जातिगत हमले की घोर निंदा करते हुए सरकार से न्याय की मांग की।



### 6 गांव के लोगों ने 2 घंटे चक्काजाम किया, उठाई कई मांगें

## फोरलेन पर बस टक्कर में किसान की मौत

**बैतूल।** बैतूल-भोपाल फोरलेन पर शनिवार रात एक और सडक़ हादसे में किसान की मौत हो गई। हादसा ग्राम नीमपानी के पास मुच्छल ढाबा के सामने हुआ। इसके बाद रात 9 बजे से आक्रोशित ग्रामीणों ने फोरलेन पर चक्काजाम कर दिया, जो दो घंटे तक चला। जानकारी के मुताबिक, पलासपानी निवासी गुलशन पिता डोमा कुमरे (30) शनिवार को पाढर के साप्ताहिक बाजार से बाइक से लौट रहे थे। गांव जाने के लिए उन्हें फोरलेन पर लगभग 100 मीटर रॉन्ग साइड चलना पड़ा, क्योंकि रास्ते में कोई क्रॉसिंग नहीं है। मुच्छल ढाबा के सामने सडक़ किनारे खड़े भारी वाहनों के कारण गुलशन को मुख्य सडक़ पर आना पड़ा, जहां सामने से आ रही फौजदार बस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गुलशन की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद नीमपानी, पलासपानी, पचामा, बोडकी, बाचा, खारी गांवों से सैकडों ग्रामीण फोरलेन पर जमा हो गए। उन्होंने हनुमान मंदिर के सामने सडक़ पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। इससे फोरलेन पर गाडिय़ों की लंबी लाइन लग गई। जाम में कई बसें और ट्रक फंसे रहे। सूचना मिलते ही शाहपुर टीआई मुकेश ठाकुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और समझाइश देने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण कलेक्टर व वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। जिसके बाद एसडीएम मकसूद अहमद और एसएसपी कमला जोशी ने ग्रामीणों को समझाइश दी। इस आश्वासन के बाद चक्काजाम समाप्त किया गया। बता दे कि इस स्थान पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। दरअसल नीमपानी और पलासपानी के ग्रामीणों को सडक़ पार करने के लिए कोई निर्धारित क्रॉसिंग नहीं है। केवल उसड़ीढाना और फांसीबढ़ जोड़ पर ही क्रॉसिंग बनी हैं, जो गांवों से काफी दूर हैं। इससे लोग मजबूरी में रॉन्ग साइड चलकर सडक़ पार करते हैं।



## अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

**बैतूल।** बोरदेही-मुलताई रोड पर स्थित पेट्रोल पंप के पास शनिवार देर रात सडक़ हादसा हुआ। बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गजाढाना निवासी विजय मर्सकोले (22) की मौके पर मौत हो गई। उनका साथी करण उइके घायल हो गया। विजय अपने दोस्त करण के साथ बाइक से बोरदेही जा रहे थे। पेट्रोल पंप के पास किसी तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों युवक सडक़ पर गिर गए। राहगीरों ने घायलों को बोरदेही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने विजय को मृत घोषित कर दिया। करण की स्थिति गंभीर है। उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती किया गया है। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। अज्ञात वाहन की तलाश जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भौरा बायपास पर ब्रिज के पास मिट्टी का कटाव बना खतरा, हादसों को आमंत्रण

### हाईवे की रोड पर कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरा

नगर से होकर निकली नेशनल हाईवे-46 की बायपास रोड पर खतरा गहराता जा रहा है। लगभग 20 फीट गहराई में बनाई गई इस रोड के साइड की जमीन पर तेज कटाव हो रहा है, जो सीधे हाईवे पर मिट्टी गिरने का कारण बन रहा है।

खासकर भौरा-बीजादेही मार्ग पर बने ब्रिज के पास की जमीन पर हालात बेहद गंभीर हो चुके हैं। यदि समय रहते जरूरी कदम नहीं उठाए गए, तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। यह मार्ग नेशनल हाईवे का हिस्सा होने के कारण यहां वाहनों की रफ्तार आमतौर पर तेज रहती है। यदि ऊपर से मिट्टी का कटाव अचानक हाईवे पर गिरा, तो वाहन फिसलने या टकराने जैसी गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं। यह खतरा खासतौर पर बारिश के समय कई गुना बढ़ सकता है। जानकारी के अनुसार भौरा बायपास निर्माण के दौरान एनएचएआई ने रोड बनाने के लिए लगभग 20 फीट गहराई तक खुदाई की थी। इसके बाद साइड की जमीन को स्थिर करने के लिए कोई स्थायी संरचना या रिटेनिंग वॉल नहीं बनाई गई, जिससे अब यह जमीन कटाव की चपेट में है। मिट्टी का यह कटाव लगातार नीचे बनी रोड पर गिर रहा है। भौरा-वीजादेही रोड पर बने ब्रिज के साइड में स्थित शराब दुकान के पास की जमीन में कटाव सबसे अधिक देखने को मिल रहा है। बाईपास हाईवे पर स्थित शराब दुकान के बगल वाली भूमि के भू-स्वामी मोहन मालवीय ने बताया कि वे कई बार इस समस्या को लेकर एनएचएआई अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। बारिश के समय मिट्टी तेजी से धंसती है।

### मैं बैतूल हूं की मंच पर जीवंत प्रस्तुति देखकर राजा जैतपाल, तात्याटोपे, से लेकर राजा ईल की कहानी से रूबरू हुए दर्शक

# ब्रह्मांड से जोड़ दिया बैतूल का इतिहास सराहनीय: हेमन्त खण्डेलवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले के 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले के इतिहास की परिकल्पना युवाओं के सहयोग से मंच पर नजर आई। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा मैं बैतूल हूं... का मंचन बैतूल के उत्कृष्ट कलाकारों ने जीवंत कर दिखाया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि बैतूल विधायक एवं कार्यक्रम के संरक्षक हेमन्त खण्डेलवाल, नपा अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार समेत बडी संख्या में दर्शक गण शामिल हुए। इस अवसर पर युवा वर्ग द्वारा किये गए इस प्रयास की विधायक हेमन्त खण्डेलवाल ने खुलकर सराहना कर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि, मैं बैतूल हूं के शीर्षक को कलाकारों ने जीवंत कर दिखाया। जिस तरह ब्रम्हांड से बैतूल का इतिहास जोड़ा गया, यह प्रयास काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि यह तो एक छोटा सा प्रयास है। कोशिश की जाए तो यह कार्यक्रम बडे रूप में आयोजित किया जा सकता है। जिसमें हजारों की संख्या में जिलेवासी शामिल होकर जिले के इतिहास से रूबरू हो सकते हैं।

### राजा जैतपाल से लेकर राजा ईल और स्वतंत्रता सैनानी मंच पर आए नजर

दरअसल मैं बैतूल हूं .. के मंचन की पटकथा और मंचन उत्कृष्ट कलाकार शिरीष ध्वनि और सूर्यदीप त्रिवेदी द्वारा तैयार की गई थी। ग्रुप में शामिल कलाकारों ने राजा जैतपाल से लेकर खण्डारा रियासत के राजा ईल, तात्या टोपे का अभिनय साकार किया। खास बात ये है कि,नाटक के मंचन में अंग्रेजों का शाषन काल तक शामिल किया गया था। अंग्रेजो ने जिस तरह जिले में अपनी आमद दी और देश को आजादी दिलाने में जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भूमिका क्या रही इसे कलाकारों ने अपने अभिनय के रूप में जब प्रस्तुत किया तो हॉल तालियों की गडगडाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में आदिवासी नृत्यों की बेहतरीन झलक भी नजर आई। आदिवासी समुदाय के युवाओ ने कोरकू और गोंधळ नृत्य की प्रस्तुति देकर जमकर तालियां बटोरी, विधायक हेमन्त खण्डेलवाल ने सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के सूत्रधार आदर्श सोनकपुरिया एवं संकल्प सिंह चौहान ने अतिथियों समेत सभी दर्शकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सताक्षी गौर द्वारा किया गया।

बैतुल बाज़ार संपर्क : 9425382122, 8839830267

B.ED.प्रवेश तृतीय चरण

**बी. आर. अंबेडकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बैतूल**

द्वितीय चरण में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई/स्वागत। दि. 26 जून 2025 से 30/06/2025 तक आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों का सत्यापन कर दि. 26/06/2025 से 01/07/2025 तक निर्धारित शुल्क आनलाईन जमा कर प्रवेश निश्चित करें तथा कालेज आकर प्रवेश फार्म भरे। शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें, तृतीय चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 25 जून 2025 से 30 जून 2025 तक करावें। आनलाईन दस्तावेजो का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 26 जून 2025 से 01 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 05 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक। प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड - BED823) ही लिखें। रिजल्ट - 20 वर्षो से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क - 9302846996, 9300974327, 9826231552, 9111788845

## खबर संक्षेप

### नायब तहसीलदार शाह ने ग्रहण किया कार्यभार

**भौरासा।** चिडावद से स्थानांतरित होकर भौरासा आई नवागत नायब तहसीलदार नेहा शाह ने भौरासा टप्पा तहसील कार्यालय में आकर के कार्यभार ग्रहण किया। नायब तहसीलदार शाह ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता राजस्व विभाग के सभी कार्य समय पर हो और किसानों को परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रकरणों का निराकरण समयबद्ध तरीके से करने का प्रयास किया जाएगा। शिकायतों का निराकरण गुणवत्ता व न्याय संगत तरीके से धरातल पर कराने का प्रयास होगा ताकि शिकायतकर्ताओं को बार-बार तहसील के चक्कर न लगाना पड़े। न्यायालय में चल रहे प्रकरणो को अधिवक्तागण से सामंजस्य बनाकर न्यायालय को सुचारू रूप से चलाने का प्रयास किया जाएगा जिससे कि पक्षकारों को न्याय संगत तरीके से न्याय मिल सके।

### विक्रेता को बीज बेचने का लाइसेंस अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिए विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया है।

### रात्रि विश्राम के पश्चात मंदिर में लौटे भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलदाऊ का भव्य स्वागत

# मंदिर के दो दिवसीय उत्साह में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, देर रात्रि तक चले भजन और कीर्तन

शनिवार की दोपहर में शहर के मंडी स्थित श्रीराम मंदिर से भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलदाऊ का विशेष श्रृंगार आदि करने के पश्चात श्रद्धालुओं के द्वारा लाया गया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शहर के छावनी स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर से पुरी की तर्ज पर भव्य रथ यात्रा निकाली गई थी, वहीं शनिवार की दोपहर को रात्रि विश्राम के पश्चात लौटने पर भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलदाऊ का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर परमार समाज की ओर से पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल, चल समारोह अध्यक्ष सुरेश परमार गब्बर, शिव परमार, विष्णु परमार रोलूखेड़ी, हरीश परमार, देव नारायण परमार, मुकेश परमार, महेन्द्र पटेल, प्रहलाद पटेल, भेरू सिंह परमार, अर्जुन परमार, शेर सिंह परमार प्रेम सिंह परमार, मांगीलाल, लखन परमार, विक्रम परमार आदि मौजूद थे। शनिवार को दोपहर जब समाजजन भगवान को लेने पहुंचे थे। यहां पर आस्था और उत्साह के साथ पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा, मंदिर के पुजारी रघुनंदन व्यास, रोहित व्यास जिन्होंने पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना कर मंदिर में भगवान को विराजमान किया। शनिवार की दोपहर में शहर के मंडी स्थित श्रीराम मंदिर से भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलदाऊ का विशेष श्रृंगार आदि करने के पश्चात श्रद्धालुओं के द्वारा लाया गया था। इस मौके पर यहां पर मौजूद पंडितों के द्वारा भगवान की पूजा अर्चना की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज की ओर से शिव परमार मुरली, विष्णु परमार रोलूखेड़ी, जेपी परमार, देवनारायण परमार और हरीश परमार ने बताया कि मंदिर परिसर में भगवान को दर्शन के लिए रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष आषाण शुल्क पर आस्था और उत्साह के साथ भगवान जगदीश की रथ यात्रा निकाली जाती है। मंदिर में दो दिवसीय उत्साह रहता है। इसके बाद भगवान की चलित प्रतिमा को गल्ला मंडी स्थित श्रीराम मंदिर में विश्राम के लिए जाता है। श्रीराम मंदिर में भजन कीर्तन और प्रसादी का वितरण किया जाता है। इसके उपरांत यहां पर दूसरे दिन आस्था के साथ मंदिर परिसर में भगवान को विराजमान किया जाता है। श्रद्धालु द्वारा दर्शन किए जाते है। भगवान जगदीश स्वामी की रथ यात्रा 1961 में मंदिर के जीर्णोद्धार के साथ शुरु की थी। रथ यात्रा का सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। परमार समाज के राज गुरु 232 मंदिरों के जीर्णोद्धार व अखिल भारतीय धर्म संघ के अध्यक्ष ब्रह्मलीन श्री 1008 पंडित काशीप्रसाद कटारे की प्रेरणा से इस मंदिर का जीर्णोद्धार सन 1961 में परमार समाज ने किया था, वर्तमान में 64 वीं रथ यात्रा थी जो सभी श्रद्धालुओं के द्वारा सफल रही।

### भव्य रूप से निकाली गई थी रथ यात्रा

पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल ने बताया कि रथ यात्रा शहर के छावनी स्थित मंदिर से निकाली गई थी, इसके पश्चात शनिवार को भगवान को मंदिर में विराजमान किया गया है। इस मौके पर विशेष पोषक पहनाई गई है, यहां पर आकर श्रद्धालु दर्शन कर सकते है। वहीं चल समारोह के अध्यक्ष सुरेश परमार गब्बर ने सभी सहयोग करने वाले समाजनों के अलावा चल समारोह का स्वागत करने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के अलावा जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

## बुजुर्गों की पेंशन सबसे कम, तत्काल बढ़ाकर अन्य सुविधाएं भी प्रदान करे राज्य सरकार : पंकज शर्मा



**सीहोर।** शनिवार को जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम संबोधित एक ज्ञापन पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पंकज शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री से कहा कि मप्र में बुजुर्गों की पेंशन मात्र छह सौ रुपए प्रतिमाह है, जो पूरे देश में सबसे कम है और इतनी कम पेंशन में उनका बुढ़ापे में बिना किसी अन्य सहारे के उनका गुजारा होना संभव नहीं है, इसलिए उनकी पेंशन को बढ़ाकर एक हजार रुपए किया जाना चाहिए तथा उनको अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जानी चाहिए, जिससे वो अच्छे से अपना जीवनयापन कर सकें और बुढ़ापे में उनको किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े तथा दूसरों पर उनकी निर्भरता भी खत्म हो सके। पंकज शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री से इस बारे में महामहिम राज्यपाल महोदय और राज्य सरकार से चर्चा कर उचित कार्रवाई किए जाने और प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन तत्काल बढ़ाकर दिए जाने की मांग की है, ताकि प्रदेश के लाखों बुजुर्ग महिलाओं तथा पुरुषों को इसका लाभ मिल सके और बुढ़ापे तथा शारीरिक कमजोरी के समय उनका जीवन स्तर सुधर सके और उनका बुढ़ापा बिना परेशानियों के अच्छे से व्यतीत हो सके।

## केंद्रीय कृषि मंत्री का जसपाल सिंह अरोरा ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान सीहोर पहुंचे। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला पंचायत व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने उनकी भव्य अगवानी की। सीहोर के सैकड़ाखेड़ी चौराहे पर जब केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का काफिला पहुंचा तो श्री अरोरा सहित उनके मित्रमंडल एवं समर्थकों ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत, सत्कार किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने श्री अरोरा को गले भी लगाया और उनसे कुशलक्षेम भी पूछी। श्री अरोरा ने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कलेक्टर कार्यालय के जिला पंचायत सभाकक्ष में दिशा की बैठक में शामिल होने आए थे। इस दौरान उनसे मुलाकात की एवं कई मुद्दों पर चर्चा भी की। यहां बता दें कि मुख्यमंत्री रहते हुए शिवराज सिंह चौहान जब भी सीहोर आते थे तो वे भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा के निवास पर भी पहुंचते थे।

## मान की पुष्टि तुम जितनी ज्यादा करोगे उतने कमजोर होते चले जाओगे : राहुल सिंह



**सीहोर।** अहंकार मानव जीवन का सबसे बड़ा दुश्मन है। सबसे खतरनाक है फिर भी आप उसकी पुष्टि में लगे हो। मान की पुष्टि तुम जितनी ज्यादा करोगे उतने कमजोर होते चले जाओगे। मान इंसान के अंदर की सबसे बड़ी कमजोरी मानी जाती है। उक्त बात शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में जारी 15 दिवसीय शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान के तीसरे दिन केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने कहे। उन्होंने कहाकि हमें 15 दिनों तक नियमित रूप से भगवान करने का अवसर मिला है। इसका इस्तेमाल हम भगवान के प्रवचन और भजन में मग्न रहकर कर सकते है। कार्यक्रम के दौरान विशेष अतिथि के रूप में गायत्री परिवार की ओर से विमल तेलराज, अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा, जिला संस्कार मंच की ओर से जितेन्द्र तिवारी आदि शामिल थे। श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की ओर से पंडित सुनील पाराशर ने कहाकि जहां-जहां पर आत्मा है, वहां-वहां ज्ञान विराजमान है। जहां पर ज्ञान है वहां पर अहंकार के परमाणु भी विराजमान हैं। आज ज्ञान पिछड़ रहा है तथा मान हावी होता जा रहा है। आई अर्थात मैं, माई अर्थात मेरा। आई और माई में सिमटा व्यक्ति अपने ज्ञान की ओर जा ही नहीं सकता। जब तक आपके अंदर अहंकार है, तब तक समझना आप अपने अज्ञान रूपी अंधकार को दूर नहीं कर सकते। हम इंसान के रूप में अहंकार का मिथ्या भ्रम पाले हुए हैं। मेरे कारण ही मेरा परिवार चल रहा है। यह घर पल रहा है। अरे आप कौन है, क्या आप नहीं रहेंगे तो आपका परिवार समाप्त हो जाएगा। जीव का पालन उसका कर्म करता है तुम नहीं करते। बाहर की व्यवस्थाओं में तुम लोग इतना उलझ जाते हो कि अंदर की व्यवस्था बिगाड़ लेते हो। मैं और मेरा के कारण ही परिवार संकुचित विचारधारा में बंटता चला जाता है।

## कोशिश कामयाब होती है और बेहतर आइडिया जिंदगी बदल देता है: विजयवर्गीय

### रोटरी क्लब और इनरव्हील क्लब का पदभार ग्रहण समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के तहसील चौराहा स्थित कार्यालय में रोटरी क्लब और इनरव्हील क्लब का पदभार ग्रहण समारोह हुआ। समारोह में रोटरी क्लब के नवीन अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय, सचिव कपिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विपुल चांडक को शपथ दिलाई। श्री विजयवर्गीय ने बताया रोटरी क्लब में 32 हजार क्लबों के 12 लाख व्यक्तियों की नेटवर्किंग है। रोटेरियन शब्द ही सेवा का संकल्प है और एक उपाधि है। विश्व की सबसे बड़ी चुनौती पोलियो का उन्मूलन रोटरी इंटरनेशनल के सहयोग से हुआ। कोविड महामारी की दूसरी लहर के दौरान क्लब ने जरूरतमंदों को ऑक्सीजन मशीन, राशन सामग्री उपलब्ध कराई। इसके अलावा महिलाओं के अंतरराष्ट्रीय संस्था इनरव्हील की सीहोर इकाई कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब के पूर्व अध्यक्ष ने पदभार नए अध्यक्ष नेहा विजयवर्गी को कलर पहनाई। जबकि इस अवसर पर नए सेक्रेटरी सीमा व्यास को बनाया गया। कार्यक्रम के अगले कड़ी में अतिथियों का स्वागत किया गया है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व आईएएस कविन्द्र कियावत और पूर्व आईएएस श्रीमती जयश्री कियावत का अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय सहित क्लब के पदाधिकारियों ने सम्मान किया।

इस मौके पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्री विजयवर्गीय ने बताया जीवन में सपनों को साकार करें। समाज के जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करके जिंदगी में खुशहाली लाने का प्रयास करें। कोशिशें हमेशा कामयाब होती है व बेहतर आइडिया जिन्दगी को बदल सकता है। रोटरी क्लब की प्रशंसा की एवं बताया कि किस तरह से हम रोटरी अंतरराष्ट्रीय के मानकों पर चलकर समाज की और अच्छी सेवा कर सकते हैं। समाजसेवा के द्वारा ही हम रोटरी की सदस्यता में वृद्धि व रोटरी की सकारात्मक जन छवि निर्मित कर पाएंगे।

पूर्व क्लब अध्यक्ष ने अपने कार्यकाल में की गई विकास कार्यों का विवरण प्रस्तुत की। जहां उन्होंने अपने अनुभव को प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने कार्यकाल में अधूरे कार्यों को नए अध्यक्ष से आग्रह किया कि उसको पूरा किया जाए। जबकि नए अध्यक्ष ने शपथ ग्रहण करते हुए क्लब को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने का संकल्प लिया है तथा क्लब द्वारा दिए गए गोल को पूरा करने तथा समाज में एक नई पहचान बनाने की बात कही इस अवसर पर क्लब द्वारा की जा रही कार्यों को समाज के सामने लाना एक नई पहल बताई।

शपथ ग्रहण और पदभार समारोह में प्रमुख रुप से जोली कुरियन, शैलेंद्र श्रीवास्तव, पंकज जैन, राजेश काशिव, रघुनंदन निगोदिया, हरीश शर्मा, नवनीत ठकराल, भारत गुप्ता, अर्पित पालीवाल, हिमांशु मिस्त्री, अमित सोनी, कमर अहमद सिद्दीकी अजय जैन, दीपक राठौर, डॉ एसआर गट्टाणी, बाबू मिस्त्री, आरएस अग्रवाल, केपी शास्त्री, राजेंद्र सिसोदिया, विपनेश जोशी, मयंक चढ़ा, अंबर गुप्ता, प्रणय साबू, डॉ गौरव ताम्रकार, नागेंद्र द्विवेदी आदि शामिल थे।

## अंतरराष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेजा महक का कांग्रेसियों ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित हुई अंतरराष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में सोहागपुर की बिटिया महक सराठे पुत्री बसंत सराठे ने कांस्य पदक जीता था। इस उपलब्धि पर विविध संगठनों ने महक का स्वागत व अभिनंदन किया। इसी क्रम में सोहागपुर कांग्रेस परिवार की ओर से सराठे निवास पहुंचकर महक तथा उनके परिजनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने महक सराठे को उसकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संतोष मालवीय, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आलोक जायसवाल, कांग्रेस नगर अध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौधरी, पार्षदगण जमील खान व भास्कर मांझी, मोहन कहार, ओपी पटेल, नीरज चौधरी, कार्तिक शर्मा, अर्पित तिवारी, देवांशु शर्मा, ऋषभ दीक्षित, इरफान खान, इसरार खान, अंकित पटेल, देवांक सराठे आदि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के आवेदन 15 तक आमंत्रित

**सीहोर।** जिले में नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए आवेदन 15 जुलाई तक आमंत्रित हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने गत दिवस जिले के सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिये है कि जिला अधिकारी अपने-अपने विभाग के नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के आवेदन के लिए प्रेरित करें। जिन शासकीय सेवकों ने मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के विज्ञापन में वर्णित कार्यक्षेत्रों के अंतर्गत पहल एवं नवाचार का अनुप्रयोग किया है, उन शासकीय सेवकों को इस पुरस्कार के आवेदन के लिए प्रेरित किया जाए।

### कायस्थ समाज की मातृ शक्ति ने की चित्रगुप्त घाट पर सफाई

## मां नर्मदा की सफाई के लिए इस प्रकार के अभियान चलते रहना चाहिए इससे नर्मदा स्वच्छ और साफ होती है : प्रवीण चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मां नर्मदा के घाटों पर इस प्रकार के अभियान कुछ समय अंतराल बाद चलते रहना चाहिए, इससे मां नर्मदा के घाटों की साफ सफाई होती है । पॉलीथीन, कचरा साफ होता है जिससे हमारी मां नर्मदा स्वच्छ रहती है और उसकी कल कल धारा बहती रहती है। कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा यह एक अच्छा कार्य किया जा रहा है। इसमें सभी को हिस्सा लेना चाहिए । यह बात थाना प्रभारी देहात प्रवीण चौहान ने अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा चित्रगुप्त घाट पर स्वच्छता अभियान में रविवार को शामिल होकर कहीं । उन्होंने कहा कि हमें मां नर्मदा को साफ रखना चाहिए और सभी को इसमें बढ़ चलकर हिस्सा लेना चाहिए। भारी बारिश के बावजूद मातृशक्ति ने नर्मदा के घाट पर साफ-सफाई की और कचरा कूड़ा , गंदगी निकालकर डस्टबिन में डाली। इसके साथ ही बारिश के चलते अखिल भारतीय कायस्थ समाज कि मातृशक्ति द्वारा पौधरोपण का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर ज्योति वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, सी बी खरे, केशव देव वर्मा, लालता प्रसाद, अदित्य, मंजू श्रीवास्तव, प्रीति खरे, सुमन वर्मा , जानकी, रश्मि सक्सैना, नेहा थापक , दीपक थापक सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### किया गया पौधरोपण

अखिल भारतीय कायस्थ समाज कि मातृशक्ति द्वारा राम जी बाबा देव मंदिर के सामने पौधरोपण किया गया। इस दौरान नीम, आंवला सहित कई प्रजाति के पौधरोपण किया।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा ने कहा कि मातृ शक्ति द्वारा और सामाजिक कायस्थ समाज द्वारा एक पेड़ मां नर्मदा के नाम से हर रविवार पौधे लगाए जाएंगे । देव में मंदिर के सामने शासकीय भूमि पर पौधरोपण किया गया है। यहां पार्क भी डेवलपमेंट हो रहा है । पौधा रोपण का यह कार्यक्रम बारिश भर चलेगा । इस अवसर पर समाज की प्रखर समाजसेवी एवं सेवा निवृत शिक्षिका मंजू श्रीवास्तव का कहना है कि पेड़ लगाने से प्रकृति का संतुलन बना रहता है।

### पशु आहार संयंत्र पचामा में अनुभवी प्रबंधक नियुक्त करने की उठी मांग, प्रशासन को दिया आवेदन

**सीहोर।** पशु आहार संयंत्र पचामा के मैनेजर नरेश नरवरिया का तबादला हो जाने के बाद आए अतिरिक्त चार्ज के रूप में नियुक्त नए मैनेजर को हटाने की मांग उठने लगी है। इसके पीछे बताया गया है कि नए प्रबंधक के पास पहले से ही नोडल अधिकारी का चार्ज है और सुदाना प्रबंधक कार्य का अनुभव भी नहीं है जबकि सुदाना की क्वालिटी लगातार खराब हो रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए किसानों ने प्रबंध संचालक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपाल से एनडीडीवी के अधिकारी को या किसी कैटल फीड के अनुभवी प्रबंधक को पशु आहार पचामा में प्रबंधक नियुक्त करने की मांग रखी है।

सीहोर के अनेक किसान विमल सिंह, मोती लाल, राजेश कुमार, शांतिलाल,वीर सिंह, रोहित पंवार, कालीचरण सहित अनेक किसानों ने कलेक्टर से शिकायती आवेदन देकर शिकायत की है। जिसमें बताया कि नए नियुक्त प्रबंधक फील्ड इंचार्ज राजेश विजयवर्गीय के अंडर में फील्ड में भी नोडल अधिकारी है और फील्ड इंचार्ज से किसान और स्टाफ पहले से नाराज है। उनके हस्तक्षेप से पचामा प्लांट का माहौल खराब रहता है। इसलिए एनडीडीबी से नए प्रबंधक को पचामा में नियुक्त करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि फील्ड इन्चार्ज राजेश के खिलाफ कई घोटाले के आरोप पूर्व में लगे थे। पिछले 3 वर्षों से राजेश विजयवर्गीय फील्ड इंचार्ज है और इसी बीच सुदाना की डिमांड और क्वाालिटी में कमी आई है। पचामा संयत्र के पूर्व प्रबंधक राजेश गोयल के रहते हुए सुदाना की क्वालिटी काफी खराब थी। यहां तक कि किसानों की खराब सुदाना की आवाज को भी विजयवर्गीय द्वारा दबाया जाता रहा है। यहां तक कि विजयवर्गीय का पचामा में सुदाना बनाने के लिए क्रय किए जाने वाले कच्चामाल में पार्टियों से सीधे हस्तक्षेप रहता है और धांधली होती है।

## खबर संक्षेप



### सीएम आज खंडवा दौरे पर, कार्यक्रम में होंगे शामिल

**खंडवा।** मुख्यमंत्री मोहन यादव आज खंडवा दौरे पर रहेंगे। वे यहां कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के राज्य स्तरीय समापन कार्यक्रम और दादा धूनी वाले मंदिर आश्रम परिसर में आयोजित शिलान्यास व भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री मोहन यादव आज सुबह 11:30 बजे इंदौर हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर दोपहर 12 बजे खंडवा की कृषि उपज मंडी स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे। इसके बाद वे मंडी परिसर में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम उपरांत मुख्यमंत्री दादा धूनी वाले मंदिर आश्रम परिसर में आयोजित शिलान्यास और भूमि पूजन कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री अपरान्ह 4 बजे मंडी स्थित हेलीपैड से इंदौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### 24 घंटों में जिले में 4.6 मिमी औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 4.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 0.8 मि.मी., टिमरनी में 0 मि.मी., खिरकिया में 18.4 मि.मी., सिराली में 2.8 मि.मी. तथा रहटगांव में 1.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 191.2 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 171.5 मि.मी., टिमरनी में 231.2 मि.मी., खिरकिया में 277.6 मि.मी., सिराली में 176.4 तथा रहटगांव में 99.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 28 जून तक 97 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### दादाजी की नगरी खंडवा में 'दादाजी लोक' की मांग उठी



**खंडवा।** सदभावना मंच ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से खंडवा में 'दादाजी लोक' बनाने की मांग की है। मंच के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के खंडवा आगमन से पूर्व मेल भेजकर यह मांग रखी। सदभावनामंच के अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि खंडवा में दादाजी का नया भव्य मंदिर बनना चाहिए और उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर 'दादाजी लोक' का निर्माण किया जाना चाहिए। इससे दादाजी महाराज का आशीर्वाद चारों दिशाओं में विस्तारित होगा। मंच द्वारा अन्य मांगों में खंडवा को तीर्थ नगरी घोषित करने, भुसावल से खंडवा होते हुए नागपुर तक चलने वाली दादाजी धाम एक्सप्रेस को पुनः प्रारंभ करने तथा खंडवा का नाम बदलकर 'दादाजी धाम' करने की बात शामिल है। मेल भेजते समय मंच के प्रमुख सदस्यों में प्रमोद जैन, सिद्धार्थ जैन, देवेंद्र जैन, आनंद तोमर, जगदीश चंद्र चौरे, सुरेन्द्र गीते, एन के दवे, राधेश्याम शाक्य, गणेश भावसार, ओम पिल्ले, राजेश पोरपंथ, महेश मूलचंदानी, कमल नागपाल, निर्मल मंगवानी, रजत सोहनी, शरद चौरे, के बी मंसारे, नदीम रॉयल, कैलाश पटेल, सुभाष मीणा और अर्जुन बुंदेला उपस्थित रहे।

### करंट लगने से हुई युवक की मौत

**सीहोर।** जहांगीरपुर निवासीआनंद पिता कैलाश लोधी उम्र 30 साल की शनिवार को करंट लगाने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार आनंद खेत पर मोटर चालू करने गया था, तभी उसे करंट लग गया। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजन आनंद को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

## शिक्षा ही समाज की असली ताकत है, विकास डागा

# प्रतिभाओं को सलाम: वैश्य समाज ने किया मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

वैश्य महासम्मेलन जिला हरदा द्वारा जिला स्तरीय मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह एवं जिला बैठक का आयोजन एक होटल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वैश्य समाज युवा इकाई के प्रदेशाध्यक्ष विकास डागा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा शिक्षा ही समाज की असली ताकत है। आज की प्रतिभाएं ही कल का नेतृत्व करेंगी। समाज को अपने बच्चों को आगे बढ़ने के हर अवसर देने चाहिए। वैश्य महासम्मेलन के जिला प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी का यह पहला सांस्कृतिक-सामाजिक आयोजन था।

जो पूरी तरह बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु समर्पित था। कार्यक्रम का प्रारंभ वैश्य कुलदेवी माँ लक्ष्मी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया तत्पश्चात पधारे सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का स्वागत अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में हरदा जिले भर के कुल 75 छात्रों ने पंजीकरण कराया था, जिन्हें प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष माहसम्मेलन द्वारा प्रतिवर्ष मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समाज के प्रदेशाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के जन्मदिन पर सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है। इसमें 10वीं, 12वीं में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता है, सम्मान से विद्यार्थी प्रोत्साहित होते हैं।



### बच्चों के चेहरों पर सम्मान प्राप्त करने की खुशी थी

जिलाध्यक्ष दीपक नेमा ने इस अवसर पर बताया कि बच्चों के साथ उनके माता-पिता, दादा-दादी और अन्य अभिभावकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को पारिवारिक और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के चेहरों पर सम्मान प्राप्त करने की खुशी देखते ही बन रही थी। साथ ही उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, सामाजिक ज्ञान और समग्र विकास के अन्य पहलुओं पर ध्यान देने की प्रेरणा भी दी। कार्यक्रम में प्रेरक वक्ता राजीव खंडेलवाल ने छात्रों को जीवन की चुनौतियों से न घबराकर उनका सामना करने और अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने की सीख दी। उन्होंने कहा कि हर किसी के जीवन में कठिनाइयाँ आती हैं, लेकिन उन पर विजय पाकर ही सच्ची सफलता प्राप्त होती है।

### छात्र-छात्राएं टारगेट पाने के लिए मन लगाकर पढ़ाई करें

वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेंद्र जैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं अपने टारगेट को पाने के लिए मन लगाकर पढ़ाई करें। अच्छे अंकों से पास होकर माता-पिता, समाज, व देश का नाम रोशन करें। विद्यार्थियों की मेहनत को सम्मान मिले तो उसका हौसला बढ़ता है। आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन के कई प्रतिष्ठित सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें सुरेन्द्र जैन, आलोक गोयल, कमल अजमेरा, माया सिंहल, बल्लभ तोषनीवाल, अजय अग्रवाल, अरूण जैन, आलोक जैन, कमल किशोर बांगड, संदीप सिंहल, धीरज मूंदड़ा, डॉ नवीन जैन, दीपक जैन, प्रमिला जैन, अमित तोषनीवाल, जयकृष्ण चांडक, श्याम अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## शिक्षकीय गरिमा के खिलाफ है

# ई अटेंडेंस के विरोध में राज्य शिक्षक संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव के नेतृत्व में सम्पूर्ण प्रदेश में दिए ज्ञापन के अंतर्गत जिला हरदा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार राजेंद्र पवार को दिया। जिसमे बताया कि केवल शिक्षक संवर्ग हेतु ई अटेंडेंस व्यवस्था लागू करना समाज में ऐसा संदेश देता है कि शिक्षक कर्तव्य के प्रति लापरवाह और गैरजिम्मेदार है। गुरु के लिए सम्मान ही सबसे बड़ा धन है मात्र शिक्षकों के लिए सरकार का ऐसा कदम गुरु पद की गरिमा को क्षति पहुंचाता है।

वह मन को आहत करता है राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश ने ई अटेंडेंस व्यवस्था को सिर्फ शिक्षकों के लागू किए जाने को अन्यायपूर्ण बताया। संघ के जिला अध्यक्ष रामनिवास जाट एवं जिला सचिव अनिल पगारे ने जारी प्रेस नोट में कहा कि प्रदेश का समूचा शिक्षक संवर्ग प्रदेश सरकार की मंशानुरूप लगातार अपना सर्वश्रेष्ठ देकर शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश को राष्ट्र में प्रमुख पंक्ति में लाने का प्रयास कर रहा है। इस ईमानदारी और समर्पण का सुखद परिणाम यह रहा की बोर्ड परीक्षा परिणाम में शासकीय विद्यालयों का प्रदर्शन उत्तम रहा है। परीक्षा परिणाम के बाद आपके द्वारा सार्वजनिक रूप से शासकीय शिक्षकों के कार्यों की प्रशंसा की गई है। पर इसे मध्यप्रदेश के समस्त विभागों के समस्त कर्मचारियों/अधिकारियों पर एक साथ लागू किया जाना चाहिए। संघ ने कहा कि सरकार द्वारा गुरु परंपरा को खंडित करने वाली इस योजना में प्रदेश का शिक्षक संवर्ग तब तक शामिल नहीं होगा जब तक यह केवल उनके लिए है। इस अवसर पर राज्य शिक्षक संघ के के साथ अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने भी ज्ञापन दिया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव करतार सिंह राजपूत, जिला संयोजक बसंत शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष ओ पी वर्मा, सहित विभिन संघठन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रोजगार मेले में 23 युवाओं का किया प्राथमिक चयन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जिले की ग्राम पंचायतों में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जनपद पंचायत खिरकिया की ग्राम पंचायत मोरगढ़ी में रोजगार मेला आयोजित किया गया। जिला प्रबन्धक ग्रामीण आजीविका मिशन रामनिवास कालेश्वर ने बताया कि इस रोजगार मेले में विभिन कंपनियो ने सहभागिता की। रोजगार मेले में 54 बेरोजगार युवक-युवतियों ने अपना पंजीयन कराया। इनमें से 23 युवाओं को कंपनियो के द्वारा चयनित किया गया है। मेले में म.प्र. डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से विकासखंड प्रबंधक संतोष बासकेल एवं सहायक विकासखंड प्रबंधक खिरकिया अशोक पवार एवं कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# चौराहे पर कार्रवाई में 100 वाहनों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शहर में शनिवार शाम को परशुराम चौक पर मजिस्ट्रेट द्वारा की गई वाहन चेकिंग में कई नियम उल्लंघन सामने आए। हाईकोर्ट के निर्देश पर मोबाइल कोर्ट लगाकर की गई इस कार्रवाई में 100 से अधिक वाहनों की जांच की गई। जांच में कई चालक बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस और आवश्यक दस्तावेजों के वाहन चला रहे थे। चेकिंग के दौरान परशुराम चौक के आसपास वाहनों की लंबी कतार लग गई।

सीजेएम लवलेश सिंह ने बताया कि वाहन दुर्घटना में यदि चालक के पास बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस या वाहन रजिस्ट्रेशन नहीं होता है, तो दुर्घटना में मृतक के परिजनों को क्षतिपूर्ति नहीं मिल पाती है। उन्होंने सभी वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और जरूरी दस्तावेज साथ रखने की हिदायत दी। यह कार्रवाई शहर में दुपहिया वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी और युवाओं द्वारा सड़कों पर स्टंट करने की शिकायतों के बाद की गई। कार या बड़े वाहनों के लिए पीयूसी सर्टिफिकेट भी अनिवार्य है।



# जिला अस्पताल में सर्पदंश के उपचार हेतु एंटी स्नेक वेनम पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध डॉ. सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच. पी. सिंह ने बताया कि वर्तमान में वर्षा ऋतु में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जाती है। इस दौरान सांप व अन्य जीव जंतु अत्यधिक सक्रिय हो जाते है और मानव बस्तियों के नजदीक आ जाते है। इस कारण सर्पदंश की घटनायें होती है। डॉ. सिंह ने कह कि बरसात के मौसम में सचेत रहे और यदि सर्पदंश की घटना घटित होती है, तो मरीज को बिना किसी देरी के तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे, जिससे समय पर इलाज प्रारंभ किया जा सके। डॉ. सिंह ने बताया कि सभी स्वास्थ्य संस्थाओं पर पर्याप्त मात्रा में सर्पदंश के उपचार के लिये एन्टी स्नेक वेनम उपलब्ध है और सर्पदंश का उपचार सभी स्वास्थ्य संस्थाओ में चौबीस घण्टे निःशुल्क उपलब्ध है। डॉ. सिंह ने बताया कि उपयोग करने से पहले स्लीपिंग बैग, जुते, कपड़ों को खोलकर हिलाएं, जिससे उसमे छुपे हुए सांप व अन्य कीड़े भी बाहर निकल जाये। किसी भी पेड़ के नीचे बैठने से पहले जमीन की जांच कर लें।

### मोजे और लंबी पतलून पहनें

झांडियो या गहरी रेत में चलते समय जुते, मोजे और लंबी पतलून पहने। रात में टहलते समय या जलाने की लकड़ियों को इकट्ठा करते समय या शौच करते समय विशेष रूप से भारी बारिश के बाद टार्च का प्रयोग करें। झरनों, नदियों और झीलों के पास के किनारे पर जाते समय विशेष ध्यान रखे। सांपो को परेशान न करें, न उनके पास जायें। जो लोग जमीन पर सोते है, वो नार्मल मच्छरदानी का उपयोग करें। यथा संभव पंलग पर ही सोये। ऐसी जगह पर जहां सांपो का खतरा रहता है, वहां पर छड़ी से जमीन पर आवाज करते हुए चले। पत्थरों के नीचे गड्डे के अंदर जिन जगहों पर सांपो के छुपे होने की आंशका रहती है, उन जगहों से छेड़छाड़ न करें। अपने घर के आसपास की घास समय. समय पर कटवाते रहे। घर या दुकान के पास में किसी तरह का कचरा या कुडा, कबाड़ इकट्ठा न करें। घर या दुकान में छोटे गड्ढे और दरार है तो उसे बंद करें। सांप को अकेला छोड़ दें, कई बार सांप के ज्यादा नजदीक आने के कारण लोग सर्पदंश का शिकार बन जाते हैं। अपने हाथ व पैर को उन स्थानों से यथा सम्भव दूर रखें, जहाँ पर आपकी दृष्टि नही पड़ती है, जब तक आप सांप की आक्रमण परिधि से सुरक्षित दूरी पर न हो, पत्थर व लकड़ी से मारने का प्रयास न करें। यदि मजबुत चमडे के जुते न पहने हो, तो ऊंची घास वाले स्थानों से दूर रहे, जहां तक सम्भव हो स्वयं को पगडण्डियों तक सीमित रखें।

## नेहरू स्टेडियम में जिला स्तरीय सुब्रोतो फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

# संस्कार विद्यापीठ ने बालाजी स्कूल को 2-1 से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शनिवार को नेहरू स्टेडियम हरदा में जिला स्तरीय सुब्रोतो फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा, संस्कार विद्यापीठ हरदा, होलीफेथ स्कूल हरदा एवं बालाजी पब्लिक स्कूल हरदा की फुटबॉल टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता के संयोजक राजेश बिलिया ने बताया कि 15 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक वर्ग में संस्कार विद्यापीठ हरदा की टीम विजेता रही और संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित की गई। इसमें प्रथम मैच संस्कार विद्यापीठ हरदा होली फेथ स्कूल हरदा के बीच खेला गया जिसमें 1-0 से संस्कार विद्यापीठ हरदा विजेता रही। द्वितीय मैच संस्कार विद्यापीठ हरदा एवं बालाजी पब्लिक स्कूल हरदा के बीच खेला गया दोनों टीमों का स्कोर बराबर रहा अंत में पेनल्टी शूटआउट में 2-1 से संस्कार विद्यापीठ हरदा की टीम विजेता रही। 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक और बालिका में केवल उत्कृष्ट विद्यालय हरदा की टीम की उपस्थिति रही। अतः उनका संभाग स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। इस अवसर पर रामनिवास जाट, मनोज खोरे, अजय पुरबिया, इमरान खान, देवेंद्र रघुवंशी, प्रिंस चौबे आदि उपस्थित थे।

## कंसास में बोलने का आमंत्रण मिला

# हरदा के अंकित अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में वक्ता के रूप में रखेंगे विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

नगर के निवासी और वर्तमान में दिल्ली में रह रहे सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता अंकित झा को अमेरिका की लॉरेंस शहर स्थित प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ कंसास में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। यह सम्मेलन 19 से 21 जुलाई के बीच आयोजित होगा, जिसमें दुनिया भर से केवल 15 विशेषज्ञों को वक्ता के रूप में बुलाया गया है।

अंकित इस सम्मेलन में आमंत्रित होने वाले एकमात्र भारतीय और दक्षिण एशियाई प्रतिनिधि हैं। अंकित इस मौके पर




अन सिविल कैम्पेन विषय पर विचार प्रस्तुत करेंगे। अपने भाषण में वे 2024 के आम चुनावों में राजनीतिक बयानबाज़ी, विभिन्न पार्टियों के अभियानों की कटुता, और इनके सामाजिक प्रभावों पर बात करेंगे। अंकित वर्तमान में एक एनजीओ के साथ प्रोग्राम लीड के रूप में काम करते हैं, जहाँ वे भारतीय राजनीति को अधिक नैतिक, जनसरोकार-आधारित और लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

# मेड़ पड़ोसियों ने दस फीट के रास्ते को कर दिया था दो फीट का, तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर खुलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

समीपस्थ ग्राम सेवनिया में मेड़ पड़ौसी किसानों द्वारा खेत पर जाने का रास्ता रोका जा रहा था। रास्ते को दस फ़ीट की जगह दो फीट का कर दिया था।इसे लेकर किसानों ने कलेक्टर को आवेदन देकर निराकरण करने की मांग की गई थी। आवेदन में सेवनिया निवासी सुनीता बाई पत्नी जितेन्द्र ने बताया था कि सेवनिया गांव में उनकी करीब 1.433 हेक्टेयर कृषि भूमि है।

उक्त भूमि पर आने जाने और कृषि कार्य के लिए रिकार्डों में दस फीट का रास्ता है। इस मार्ग से आवेदक के अलावा अन्य किसान भी आना-जाना करते हैं, लेकिन उक्त रास्ते पर अनावेदक और मेड़ पड़ौसी शुभम, पंकज एवं उनकी माताजी दवारा आये दिन रास्ता अवरूद्ध कर दिया जाता है एवं बक्खर चला दी जाती है। जिससे निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा पूर्व में अनावेदकगण दवारा न्यायालय समक्ष उपस्थित होकर आवेदिका के रास्ते के संबंध में शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया गया था कि आवेदिका भूमि के लिए रास्ते पर 3 फीट मुरम भी डालने देंगे, किन्तु वर्तमान में अनावेदकगण द्वारा मुरम डालने से मना किया जा रहा है। इसके अलावा अनावेदकगण द्वारा मौके पर रास्ते को अवरूद्ध करने के संबंध में धमकी दी जा रही है। साथ ही अनावेदक की माताजी के दवारा गालियां देकर एवं सबको को जेल में भेजने की बाते की जाती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार भरत नायक ने मय पटवारी के मौके पर पहुंचे और शांतिपूर्ण तरीके से रास्ते के विवाद को सुलझाया गया। इसके साथ ही दस फ़ीट के रास्ते का निशान भी लगवाया गया।

